भारत सरकार

कोयला मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 686

जिसका उत्तर 29 जुलाई, 2024 को दिया जाना है

सतत खनन परिपाटियां

686. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार ने सतत और पर्यावरण-अनुकूल कोयला खनन परिपाटियों को बढ़ावा देने के लिए 'मिशन लाइफ' के अंतर्गत क्या उपाय किए हैं;

(ख) वर्ष 2019 से कोयला क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) के वित्तपोषण के लिए बजटीय परिव्यय का ब्यौरा क्या है;

(ग) विगत पांच वर्षों के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा कितनी कोयला खानों को त्याग दिया गया है, बंद कर दिया गया है अथवा उनमें काम रोक दिया गया है; और

(घ) स्थायित्व और कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए सीआईएल अपनी भूमिगत और खुली खानों में कौन-कौन सी प्रौद्योगिकियां अपना रही है?

उत्तर

कोयला एवं खान मंत्री

(श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) : कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में कोयला कंपनियों ने कोयला क्षेत्र में सतत और पर्यावरण अनुकूल कोयला खनन पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए मिशन लाइफ एक्शन की विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत 10 कार्य मदों का कार्यान्वयन किया है जैसा कि अनुबंध में दर्शाया गया है।

(ख) : वर्ष 2019 से कोयला क्षेत्र में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के निधियन के लिए किया गया बजटीय परिव्यय नीचे तालिका में दिया गया है:

वर्ष	बजटीय परिव्यय (करोड़ रू. में)	वास्तविक जारी राशि (करोड़ रू. में)
2019-20	22.00	18.78
2020-21	12.00	9.97

2021-22	11.50	8.35
2022-23	8.35	6.94
2023-24	18.00	18.00

(ग) : पिछले पांच वर्षों के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) में 24 कोयला खानों का परित्याग कर दिया गया है, 20 कोयला खानों को रोक दिया गया है तथा किसी भी कोयला खान को बंद नहीं किया गया है।

(घ) : सीआईएल द्वारा अपनी भूमिगत और ओपनकास्ट खानों की सततता और दक्षता बढ़ाने के लिए अपनाई गई प्रौद्योगिकियां निम्नानुसार हैं:

- ड्रिलिंग, ब्लास्टिंग और क्रशिंग कार्यों को खत्म करने के लिए सतही खनिक।
- ब्लास्ट-मुक्त ओवरबर्डन हटाने के लिए सेंट्रिक रिप्पर्स
- भूमिगत खानों में ब्लास्ट-फ्री क्लीन कोल टेक्नोलॉजी के लिए कंटिन्यूअस माइनर और हाई वॉल माइनिंग
- सड़क परिवहन को कम करने के लिए 'फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी' परियोजनाएं।
- वायु प्रदूषण को कम करने के लिए वाटर स्प्रिंकलर और फॉग कैनन।
- धूल को नियंत्रित करने के लिए वेट ड्रिलिंग सहित ड्रिल्स और डस्ट एक्सट्रेक्टर्स।
- कोयला परिवहन के लिए डेडिकेटिड कोयला कॉरीडोर।
- वर्कशाप बहिस्राव प्रवाह और कोयला हैंडलिंग संयंत्र के शोधन के लिए बहिस्राव शोधन संयंत्र।

अनुबंध

क्र.सं.	मिशन लाइफ एक्शन की श्रेणी	कार्रवाई मदें
1.	ऊर्जा की बचत	एलईडी बल्ब/ट्यूब-लाइट का उपयोग
		पेट्रोल/डीजल वाहनों की तुलना में सीएनजी/ईवी वाहन को प्राथमिकता।
		छतों पर सोलर सिस्टम लगाएं
2.	पानी की बचत	जल संरक्षण के लिए माइनिंग वॉयड्स के विकास सहित ग्रामीण जल निकायों के पुनर्भरण में भाग लेना।
		घर/स्कूलों/कार्यालयों में वर्षा जल संचयन अवसंरचना तैयार करना
3.	सिंगल यूज प्लास्टिक कम करना	शॉपिंग के लिए प्लास्टिक बैग की जगह कपड़े के बैग का प्रयोग
		कोयला खनन टाउनशिप/गांवों और जल निकायों के सफाई अभियानों में भाग लेना और भागीदारी जुटाना
4.	अपनाई गई स्वस्थ जीवनशैली	इको-पार्कों और खनन पर्यटन स्थलों का विकास करके सामुदायिक स्तर पर जैव विविधता संरक्षण शुरू करना।
		प्रदूषण के प्रभाव को कम करने के लिए पेड़ लगाना
5.	ई-अपशिष्ट कम करना	निकटतम ई-रीसाइक्लिंग इकाईयों में गैजेट्स का त्याग।

*****